कुल प्रश्नों की संख्या : 27]
Total No. of Questions : 27]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
[Total No. of Printed Pages : 16

# 2112320

## विषय : लेखांकन
## Subject : Accountancy

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 100
[Maximum Marks : 100

*निर्देश:* (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

***Instruction :*** (i) All questions are compulsory.

(ii) प्रश्न क्र.1 में चार खण्ड हैं- (अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (ब) बहुविकल्पीय प्रश्न (स) सत्य/असत्य (द) एक वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(ii) Question No. 1 contains 4 sections - (A) Fill in the blanks (B) Multiple choice (C) True or false (D) Answer in one word. Each question carry 1 mark.

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आबंटित हैं।

(iii) Q.No. 2 to 13 are very short answer type questions. Maximum word limit of answer is 30 words. Each question carries 2 marks.

(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(iv) Question No. 14 to 19 are very short answer type questions. Maximum limit of theory answer is 50 words. Each question carries 3 marks.

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 70 शब्द। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आबंटित हैं।

(v) Question No. 20 to 23 are short answer type questions. Maximum word limit of theory answer is 70 words. Each question carries 4 marks.

(vi) प्रश्न क्रमांक 24 व 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vi) Question No. 24 and 25 are long answer type questions. Each question has an internal option. Each question carries 5 marks.

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 व 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु 6 अंक आबंटित हैं।

(vii) Question No. 26 & 27 are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 6 marks.

## ( खण्ड–अ )

## (SECTION-A)

प्रश्न–1 ( अ ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – [1×5=5]

**(A) Fill in the blanks -**

(i) सम्पत्ति = देयताएँ + ...............

(i) Assets = Liabilitis + ..............

(ii) ............... स्थायी सम्पत्तियों के मूल्य में कमी दर्शाता है।

(ii) ............... represents a decrease in the value of Fixed Assets.

(iii) प्राप्ति एवं भुगतान खाता के आधार पर ............. तैयार किया जाता है।

(iii) On the basis of receipt and payment account .............. is prepared.

(iv) संचालक मण्डल को अंश हरण की सूचना अंशधारी को ............... दिन पूर्व देनी चाहिए।

(iv) The Board of Directors has to give at least ................ days notice of share holders forfeit of shares.

(v) साझेदारी में लिखित समझौते को ............... कहा जाता है।

(v) The written form of agreement of a partnership is called ................

## ( खण्ड-ब )

## (SECTION-B)

**( ब ) सही विकल्प चुनकर लिखिए -** [1×5=5]

**(B) Choose and write the correct answer -**

(i) देनदारों के अनुसार विनिमय विपत्र है -

(अ) प्राप्य विपत्र

(ब) देय विपत्र

(स) भुनाना

(द) उपर्युक्त में सभी।

(i) From the view point of debtors as Bill of Exchange is considered as -

(a) Bills Receivable

(b) Bills Payable

(c) Discounting

(d) All of the above.

(ii) बैंक समाधान विवरण पत्र बनाया जाता है -

(अ) ग्राहक द्वारा

(ब) बैंक द्वारा

(स) बैंक और ग्राहक द्वारा

(द) इनमें से कोई नहीं।

(ii) Bank Reconciliation statement is prepared by -

(a) Customer

(b) Bank

(c) Bank and Customers

(d) None of the above.

(iii) सार्वजनिक कम्पनी में सदस्यों की न्यूनतम संख्या है :

(अ) 1

(ब) 2

(स) 5

(द) 7

(iii) The minimum number of members in a public limited company is -

(a) 1

(b) 2

(c) 5

(d) 7

(iv) भारतीय साझेदारी अधिनियम बनाया गया था –

(अ) 1832 में

(ब) 1932 में

(स) 1856 में

(द) 1984 में

(iv) Indian Partnership Act was prepared as on -

(a) 1832

(b) 1932

(c) 1856

(d) 1984

(v) फर्म के समापन का आशय है –

(अ) फर्म बंद होना

(ब) साझेदारी का प्रवेश

(स) साझेदार पृथक होना

(द) इनमें से कोई नहीं।

(v) What do you understand by dissolution of firm ?

(a) Firm Closed

(b) Admission of Partner

(c) Retirement of Partner

(d) None of these.

## ( खण्ड–स )

## (SECTION-C)

**( स ) बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं अथवा असत्य –** [1×5=5]

**(C) State whether the following statements are True or False -**

(i) प्रिंटर कम्प्यूटर का एक हार्डवेयर उपकरण है।

(i) Printer is a Hardware component of Computer.

(ii) इकहरी लेखा प्रणाली में तुलनात्मक अध्ययन करना कठिन होता है।

(ii) Under single entry system comparative study is very difficult.

(iii) साझेदारी फर्म के समापन पर पुनर्मूल्यांकन खाता तैयार किया जाता है।

(iii) At the time of dissolution of partnership firm revaluation account is prepared.

(iv) समता अंशधारियों को मत देने का अधिकार होता है।

(iv) Equity share-holders have right to vote.

(v) अनुपात, व्यवसाय की योजना बनाने और भविष्यवाणी में सहायता नहीं करता है।

(v) Ratio are not useful in business planning and forecasting.

## ( खण्ड-द )
## (SECTION-D)

**( द ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए -** [1×5=5]

**(D) Answer in one word -**

(i) खुदरा लेन-देन का लेखा रखने वाली अलग रोकड़ बही को क्या कहते हैं ?

(i) What is called a separate cash book to record small transaction ?

(ii) दो या अधिक रोजनामचा प्रविष्टियों के संयोजन को क्या कहते हैं ?

(ii) What is the name of combination of two or more simple journal entries ?

(iii) त्याग अनुपात का सूत्र दीजिए।

(iii) Give formula of Sacrifice Ratio.

(iv) वसूली खाता कब खोला जाता है ?

(iv) When is open the Realisation account ?

(v) चालू अनुपात के लिए प्रमाणित अनुपात क्या है ?

(v) What is the Standard Ratio for Current Ratio ?

**प्रश्न-2** प्रमाणक क्या है? [2]

What is Voucher ?

**प्रश्न-3** उचन्त खाता क्यों तैयार किया जाता है ? [2]

Why is Suspense Account created ?

**प्रश्न-4** विशेष तथा मुख्य रोजनामचों में अन्तर कीजिए। (कोई दो) [1+1=2]

Differentiate between Special Purpose Journal and Main Journal. (Any two)

**प्रश्न-5** प्रति प्रविष्टि कब की जाती है ? [2]

When contra entry is passed ?

**प्रश्न-6** प्राप्ति एवं भुगतान खाता से क्या आशय है ? [2]

What is meant by receipts and payment account ?

प्रश्न-7 इकहरी लेखा प्रणाली के दो लाभ बताइए। [2]

Write any two profit of single entry system.

प्रश्न-8 फर्म का विघटन किसे कहा जाता है ? [2]

What is the meaning of Dissolution of Firm ?

प्रश्न-9 ख्याति के मूल्यांकन की विधियों के नाम बताइए। $[1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2]$

Write the methods of goodwill. (only name)

प्रश्न-10 साझेदारी के किन्हीं दो गुणों को लिखिए। [2]

Write any two important characteristics of Partnership.

प्रश्न-11 सकल लाभ अनुपात का सूत्र बताइए। [2]

What is the formula of Gross Profit Ratio ?

प्रश्न-12 पे-रोल किसे कहते हैं ? [2]

What is the meaning of Pay Roll ?

प्रश्न-13 अवशेष मूल्य किसे कहते हैं ? [2]

What is the meaning of Scrap Value ?

प्रश्न-14 रोकड़ बही की तीन विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

Write three advantages of Cash book.

**प्रश्न-15** निम्न सौदों को श्याम की क्रय बही में लिखिए - [ 3 ]

2019 जन. 1 ज्ञान से 800 रु. का माल खरीदा।

जन. 7 गोपाल से 5 डिब्बे पेन 50 रु. प्रति डिब्बे की दर से खरीदे।

जन. 19 गणेश से 700 रु. का माल खरीदा।

**Enter the following transactions in the purchase book of Shyam -**

2019 Jan. 1 Purchase goods from Gyan Rs. 800.

Jan. 7 Purchase from Gopal

Pen 5 box Rs. 50 per box.

Jan. 19 Goods purchase from Ganesh Rs. 700.

**प्रश्न-16** प्रावधान एवं संचय में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई तीन) [1+1+1=3]

Differentiate between Provision and Reserve. (any three)

**प्रश्न-17** इकहरा लेखा प्रणाली की उपयोगिता को समझाइए। (कोई तीन) [1+1+1=3]

Explain the utilities of Single Entry System. (any three)

**प्रश्न-18** राम अपनी पुस्तकें अपूर्ण लेखा प्रणाली में रखते हैं। निम्नलिखित सूचनाओं से उनके लाभ-हानि की गणना कीजिए - [3]

| | **विवरण** | **राशि ( रु. )** |
|---|---|---|
| (i) | प्रारम्भिक पूँजी | 20,000 |
| (ii) | अंतिम पूँजी | 25,000 |
| (iii) | वर्ष के दौरान आहरण | 6,000 |
| (iv) | वर्ष के दौरान लगाई गई अतिरिक्त पूँजी | 7,500 |

Ram keeps his books on incomplete records system from the following informations. Calculate his profit and loss :-

| | **Particulars** | **Amount (Rs.)** |
|---|---|---|
| (i) | Opening Capital | 20,000 |
| (ii) | Closing Capital | 25,000 |
| (iii) | Drawing during the year | 6,000 |
| (iv) | Additional capital during the year | 7,500 |

**प्रश्न-19** अकबर लि. ने 10 रु. वाले 10,000 समता अंश जनता में निर्गमित किए। सम्पूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3]$

Akbar Ltd. issued 10,000 equity share of Rs. 10 each to the public. The entire amount of share was received in lump-sum. Pass journal entries in the books of company.

**प्रश्न-20** मोहन लिमिटेड कं. ने 1 अक्टूबर 2016 को एक मशीन 1,80,000 रुपए की खरीदी और उसकी स्थापना करने में 20,000 रुपये और खर्च किए। ह्रास उसके मूल लागत पर 10% की दर से लगाया जाता है। कम्पनी की पुस्तकों में तीन वर्षों का मशीन खाता बनाइए। यदि खाते 31 मार्च को बन्द होते हैं। $[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1=4]$

Mohan Limited Co. purchased a machinery on 1st October 2016 for Rs. 1,80,000 and spent Rs. 20,000 on its erection. The depreciation is to be charged @ 10% p.a. on original cost. Show the machinery account for three years. If books are closed on March 31 every year.

***( अथवा )***

***( OR )***

1 अप्रैल 2016 को उषा लिमिटेड कं. ने 80,000 रु. में एक मशीन खरीदी और 20,000 रु. उसकी स्थापना करने व मरम्मत करने में खर्च किए। कम्पनी ने 10% वार्षिक दर से सरल रेखा पद्धति के अनुसार ह्रास को अपलिखित किया। प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को खाते बंद किए जाते हैं। 3 वर्षों का मशीन खाता बनाइए।

$[1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1=4]$

Usha Ltd. Co. bought a machinery cost Rs. 80,000 on 1$^{st}$ April 2016 and spent Rs. 20,000 for its installation and repair. Company are 10% p.a. straight line method for depreciation. Accounts are closed each year in 31$^{st}$ December. Prepare Machinery account for three years.

प्रश्न–21 गीता लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000 समता अंश जारी किए। इस सम्बन्ध में प्रति अंश 4 रु. आवेदन पर तथा आबंटन पर शेष राशि देय है। सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गयीं। आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [1+1+1+1=4]

Gita Ltd. issued 10,000 equity shares of Rs. 10 each. Payable as Rs. 4 on application and balance amount due in allotment. All money duly received. Pass necessary journal entries.

***( अथवा )***

***(OR)***

अ ब स लिमिटेड ने प्रति ऋण पत्र रु. 100 के 10,000, 12% ऋण पत्र जारी किए, जिसमें आवेदन पर रु. 30 और आबंटन पर शेष राशि देय है। जनता ने 9,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन किया, जो पूर्णत: आबंटित किए गए और सभी राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गयीं। अ ब स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

A B C Ltd. issues 10,000, 12% debentures of Rs. 100 each payable as Rs. 30 on application and remaining amount on allotment. The public applied for 9,000 debentures which were fully allotted and all the relevant allotment money duly received. Give journal entries in the books of A B C Ltd.

प्रश्न-22 एक कम्पनी के वित्तीय लेखों के कुछ समंक निम्न प्रकार हैं - [2+2=4]

| | (रु.) |
|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ | 10,000 |
| स्टॉक | 3,000 |
| देनदार | 2,000 |
| रोकड़ | 4,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 1,000 |
| लेनदार | 3,000 |
| संचय | 1,000 |

चालू अनुपात एवं त्वरित अनुपात की गणना कीजिए।

Some data of financial of a company are as follows :-

| | (Rs.) |
|---|---|
| Fixed Assets | 10,000 |
| Stock | 3,000 |
| Debtors | 2,000 |
| Cash | 4,000 |
| Prepaid Expense | 1,000 |
| Creditors | 3,000 |
| Reserve | 1,000 |

Calculate the current ratio and liquid ratio.

*( अथवा )*

*( OR)*

अनुपात विश्लेषण के लाभ एवं उपयोगिताएँ समझाइए। ( कोई चार)

Explain any four advantages and utility of ratio analysis.

**प्रश्न-23** फलन लाइब्रेरी में सम्मिलित प्रकार्यों के नाम दीजिए। [4]

Name the functions included in function library.

***( अथवा ) / ( OR )***

पे रोल लेखांकन में सम्मिलित विभिन्न अर्जनाओं की व्याख्या कीजिए।

Explain the various earnings included in pay roll accounting.

**प्रश्न-24** उपार्जन आधारित लेखांकन एवं रोकड़ आधारित लेखांकन में अन्तर कीजिए। ( कोई पाँच )

Distinguish between earning basis of accounting and cash basis of accounting. (any five) [1+1+1+1+1=5]

***( अथवा ) / ( OR )***

पुस्तपालन एवं लेखांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। ( कोई पाँच )

Distinguish between book keeping and accounting. (any five)

**प्रश्न-25** गीता, नीता, सीता एक फर्म में साझेदार हैं, जो पूँजी के अनुपात में लाभ विभाजित करते हैं। उनका 31 मार्च 2019 का चिट्ठा निम्नानुसार है – [5]

| दायित्व | राशि ( रु. ) | सम्पत्तियाँ | | राशि ( रु. ) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | 25,000 | मशीन | | 40,000 |
| देय विपत्र | 13,000 | भवन | | 90,000 |
| सामान्य संचय | 22,000 | देनदार | 30,000 | |
| पूँजी :- | | – डूबत ऋण संचय | 1000 | 29,000 |
| गीता – 60,000 | | स्टॉक | | 23,000 |
| नीता – 40,000 | | बैंक में रोकड़ | | 18,000 |
| सीता – 40,000 | 1,40,000 | | | |
| | 2,00,000 | | | 2,00,000 |

उपर्युक्त तिथि को गीता फर्म से अवकाश ग्रहण करती है और उसे देय राशि की गणना के पूर्व निम्नलिखित समायोजन करने की सहमति होती है –

(i) भवन में 20% से अभिवृद्धि करनी है।

(ii) देनदारों पर डूबत ऋण प्रावधान को 5% तक बढ़ाना है।

(iii) मशीनरी पर 10% ह्रास लगाना है।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन रु. 5,600 किया गया और अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के भाग को समायोजित किया गया।

(v) नई फर्म की पूँजी रु. 12,000 निर्धारित की गयी।

पुनर्मूल्यांकन खाता तैयार कीजिए।

The Balance sheet of Gita, Nita and Sita who are partners in a firm, who were sharing profits according to their capitals as on 31st March, 2019 as under :-

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 25,000 | Machinery | 40,000 |
| Bills Payable | 13,000 | Building | 90,000 |
| General Reserve | 22,000 | Debtors 30,000 | |
| Capital :- | | Less : Provision for | |
| Gita - 60,000 | | Bad debts 1000 | 29,000 |
| Nita - 40,000 | | Stock | 23,000 |
| Sita - 40,000 | 1,40,000 | Cash in Bank | 18,000 |
| | 2,00,000 | | 2,00,000 |

On the above date Gita retired from the firm and following adjustments have been agreed upon before the ascertainment of the amount payable to her.

(i) Building is appreciated by 20%

(ii) Provision for bad debts is increased to 5% on Debtors.

(iii) Machinery is depreciated by 10%

(iv) Goodwill of the firm is valued at Rs. 5,600 and the retiring partner's share is adjusted.

(v) The capital of new firm is fixed of Rs. 12,000.

Prepare Revaluation Account.

***( अथवा/OR )***

साझेदारी फर्म के समापन एवं साझेदारी के समापन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच)

Distinguish between dissolution of partnership firm and dissolution of partnership. (any five) [1+1+1+1+1=5]

**प्रश्न-26** मेसर्स ममता ट्रेवल्स के निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2019 को बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए - [6]

| | | (रु.) |
|---|---|---|
| रोकड़ बही के अनुसार अधिविकर्ष | - | 45,000 |
| चेक निर्गमित किए गए किन्तु भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए | - | 17,500 |
| चेक जमा किए गए किन्तु बैंक द्वारा संग्रहित नहीं किए गए | - | 9,600 |
| बैंक द्वारा विनियोग पर ब्याज संग्रहित किए गए | - | 2,300 |

बैंक ने रुपये 350 बैंक चार्जेस नामे (डेबिट) किए किन्तु रोकड़ बही में प्रविष्टि नहीं किए गए।

From the following information of M/s. Mamta Travels. Prepare Bank Reconciliation statement on 31st March 2019 :-

| | (Rs.) |
|---|---|
| Bank overdraft as per cash book | 45,000 |
| Cheques issued but not presented for payment | 17,500 |
| Cheques deposited but not yet collected by the bank | 9,600 |
| Interest on Investment collected by the bank | 2,300 |

Bank charges Rs. 350 debited by the bank not yet entered in the cash book.

***( अथवा/OR )***

निम्नलिखित शेषों से 31 मार्च 2019 को तलपट तैयार कीजिए –

| | रु. | | रु. |
|---|---|---|---|
| हस्तस्थ रोकड़ | 4,200 | क्रय | 75,000 |
| बैंक में रोकड़ | 16,800 | आन्तरिक गाड़ी भाड़ा | 2,700 |
| प्राप्य विपत्र | 18,000 | वेतन | 12,000 |
| देय विपत्र | 16,000 | विज्ञापन | 2,400 |
| विविध देनदार | 24,600 | बीमा | 1,600 |
| विविध लेनदार | 32,400 | फर्नीचर | 7,500 |
| पूँजी | 50,000 | स्टॉक | 18,600 |
| आहरण | 18,000 | ऑफिस किराया | 2,000 |
| विक्रय | 1,05,000 | | |

From the following balances prepare Trial balance as on 31st March 2019 :-

| | Rs. | | Rs. |
|---|---|---|---|
| Cash in hand | 4,200 | Purchased | 75,000 |
| Cash at bank | 16,800 | Carriage inward | 2,700 |
| Bills Receivable | 18,000 | Salaries | 12,000 |
| Bills Payable | 16,000 | Advertisement | 2,400 |
| Sundry Debtors | 24,600 | Insurance | 1,600 |
| Sundry Creditors | 32,400 | Furniture | 7,500 |
| Capital | 50,000 | Stock | 18,600 |
| Drawings | 18,000 | Office Rent | 2,000 |
| Sales | 1,05,000 | | |

***

**प्रश्न-27** साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में कौन-कौन से प्रावधान लागू होंगे ? (कोई 6) [6]

In the absence of any partnership deed, what are the provisions that become applicable. (Any six)

*( अथवा )*

*( OR )*

पी, क्यू एण्ड आर 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजन के साझेदार हैं। पी ने आर को गारण्टी दी है कि पूँजी पर 5% वार्षिक ब्याज लगाने के पश्चात् उसके लाभ का भाग रु. 30,000 वार्षिक से कम नहीं होगा। पूँजी निम्नानुसार लगायी गयी -

| | | |
|---|---|---|
| पी | - | 3,20,000 रु. |
| क्यू | - | 2,00,000 रु. |
| आर | - | 1,60,000 रु. |

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ पूँजी पर ब्याज लगाने के पूर्व रु. 1,59,000 था।

लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए। [लेखा 2 अंक, लाभ 3 अंक, गणना 1 अंक]

P, Q and R are partnership sharing profit in the ratio of 5 : 3 : 2. P guaranteed that R's share of profits after charging interest on capital @ 5% p.a. would not be less than Rs. 30,000 in any year.

The capital was provided as follows :-

| | | |
|---|---|---|
| P | - | Rs. 3,20,000 |
| Q | - | Rs. 2,00,000 |
| R | - | Rs. 1,60,000 |

The profit for the year ended 31st March 2019 amounted to Rs. 1,59,000 before providing for interest on capital.

Prepare Profit & loss account.

***